# सरकारी यूरिया से बना रहे थे नकली DEF, कौशाम्बी में अवैध फैक्ट्री पर छापा, 3 गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी में सरकारी खाद की कालाबाजारी से जुड़े एक बड़े मामले का पुलिस ने खुलासा किया है. चरवा थाना पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने पंसौर गांव में चल रही अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर सरकारी इफको यूरिया से लिक्विड यूरिया यानी DEF तैयार करने वाले गिरोह को पकड़ा है. कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/kaushambi-government-urea-black-marketing-fake-def-factory-three-arrested-lclcn-strc-2616894-2026-08-06